(ख) क्या इस संबंध में कोई सर्वेक्षण किया गया है;

(ग) अन्य वर्गों की तुलना में परिवार नियोजन अपनाने वाले उक्त श्रेणियों के व्यक्तियों का प्रतिशत कितना है और क्या यह प्रतिशत बहुत कम है; यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं;

(घ) विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में परिवार नियोजन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार ने इस संबंध में निगरानी रखने वाली किसी एजेंसी की स्थापना की है और यदि हां, तो उसके क्या परिणाम निकले हैं तथा उनका ब्यौरा क्या है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) से (ग) जी, हां । आपरेशन रिसर्च ग्रुप, बड़ौदा द्वारा भारत में परिवार नियोजन पद्धतियों पर किए गए तीसरे अखिल भारतीय सर्वेक्षण के अनुसार इस समय अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों में किसी भी परिवार नियोजन विधि का प्रयोग करने वाले दम्पतियों की प्रतिशतता 37.5 प्रतिशत है जबकि श्रेणी प्रतिशतता सभी श्रेणियों में 44.9 प्रतिशत है ।

1991 की जनगणना के आधार पर 1981–91 के दशक के दौरान औसत वार्षिक जनसंख्या घातीय वृद्धि दर राष्ट्रीय स्तर पर 2.14 प्रतिशत के मुकाबले अनुसूचित जातियों के लिए 2.7 प्रतिशत और अनुसूचित जनजातियों के लिए 2.29 प्रतिशत है । इसमें असम और जम्मू व कश्मीर राज्य शामिल नहीं हैं ।

(घ) से (ङ) राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों से परामर्श करके एक कार्य योजना तैयार की गई है जिसमें विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में परिवार कल्याण सेवाओं की गुणवत्ता और उनकी पहुंच में सुधार करने पर विशेष बल दिया गया है । इसके कार्यान्वयन की प्रगति का समय-समय पर अनुवीक्षण किया जा रहा है ।

अंतर्राष्ट्रीय परिवहन में भारतीय जहाजों का इस्तेमाल

*120. **श्री राम सिंह राठवा** : क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत के अंतर्राष्ट्रीय परिवहन हेतु विदेशी जहाजों पर निर्भर है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है; और

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान भारत के अंतर्राष्ट्रीय परिवहन में भारतीय जहाजों का प्रतिशत कितना रहा है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर): (क) जी हां ।

(ख) और (ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान भारत के समुद्री व्यापार में भारतीय और विदेशी जहाजों का प्रतिशत हिस्सा इस प्रकार है :—

वर्ष	भारतीय जहाज	विदेशी जहाज
1989–90	35.8	64.2
1990–91 (अनन्तिम)	35.5	64.5
1991–92 (अनन्तिम)	35.9	64.1